# झाँसी नोड में 9,139.40 करोड़ के निवेश प्रस्ताव और 531 हेक्टेयर भूमि रक्षा उद्योगों को आवण्टित

- रक्षा औद्योगिक कॉरिडोर में आए 28,000 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक कारिडोर (यूपीडीआइसी) ने अभी तक 923.24 हेक्टेयर भूमि रक्षा उद्योगो को आवंटित की है। रक्षा औद्योगिक कॉरिडोर के तहत यह भूमि झाँसी, कानपुर, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में रक्षा क्षेत्र से जुड़े उत्पादो के निर्माण के लिए 57 कम्पनि को दी गई है। बीते माह तक यूपीडीआइसी को 28,761.88 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। झाँसी नोड के लिए 9,139.40 करोड़ के प्रस्ताव मिले हैं, जबकि 531 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जा चुकी है। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्थापित हो रहे रक्षा उद्योगो मे स्थानीय लोगो के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे है। कानपुर नोड के लिए 12,683.58 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। कंपनियों को 210.60 हेक्टेयर भूमि

◆ शेष पृष्ठ 7 पर